खरपतवार समाचार
(भाकृअनुप - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय का अर्धवार्षिक समाचार-पत्र)
WEED NEWS
(A Half-Yearly Newsletter of ICAR - Directorate of Weed Research)

भाकृअनुप ICAR
जुलाई-दिसम्बर,2019
खंड 19, क्रमांक 2

DWR
July-December, 2019
Vol 19 No. 2

विषय सूची
Contents

निदेशक की कलम से / From Director's Desk 1

अनुसन्धान उपलब्धियाँ / Research achievements 2-3

विभिन्न *चिनोपोडियम* एक्सेशन्स में आणविक विविधता का विश्लेषण
Molecular diversity analysis in different *Chenopodium* accessions 2

जैविक रूप से उगाई गई हल्दी की फसल में खरपतवार प्रबंधन
Weed management in organically grown turmeric crop 2

रोपाई वाले धान में नई पीढ़ी के शाकनाशियों के संयोजन का मूल्यांकन
Evaluation of new generation herbicide combinations in transplanted rice 3

राष्ट्रीय खरपतवार हर्बेरियम का अंकरूपण
Digitization of National Weed Herbarium 3

आयोजित कार्यक्रम / Programmes organized 4

समीक्षा बैठक / Review meetings 9

विशिष्ट आगंतुक / Distinguished visitors 10

पुरस्कार एवं सम्मान / Awards and recognitions 11

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की गतिविधियां / Activities of Rajbhasha Karyanvayan Samiti 12

Common weeds

कोमेलिना कम्युनिस Commelina communis

मेडिकागो डेन्टिक्युलाटा Medicago denticulata

निदेशक की कलम से
From Director's Desk

मुझे अपार प्रसन्नता महसूस हो रही है कि मैं खरपतवार समाचार का वर्तमान अंक प्रस्तुत कर रहा हूँ जिसमे जुलाई से दिसम्बर, 2019 के दौरान निदेशालय द्वारा किये गए शोध एवं विस्तार गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है। इस अवधि के दौरान, अलग–अलग प्रजातियों से सम्बंधित चौंतीस *चिनोपोडियम* एक्सेशंस के ताजे एकत्रित पत्रों से जीनोमिक डीएनए अलग किया गया। इसके अलावा, *चिनोपोडियम* एक्सेशंस की जीनोमिक विविधता का विश्लेषण अठारह विभिन्न एसएसआर मार्करों का उपयोग कर किया गया। जैविक हल्दी की फसल के लिए, फसल अवशेष मल्च के साथ हाथ से 3 निंदाई, सबसे अधिक ताजी हल्दी की पैदावार देने के मामले में, रासायनिक रूप से उगाई गई फसल की तुलना में बेहतर खरपतवार प्रबंधन विधि है। नई पीढ़ी के शाकनाशी संयोजनों में से, प्री–इमरजेन्स के रूप में बेनसल्फुरॉन मिथाइल + प्रीटिलाक्लोर एवं पोस्ट–इमरजेन्स के रूप में साईहोलोफॉप + पिनोक्सुलम रोपाई वाले धान से खरपतवार के विकास को कम करने एवं अनाज की पैदावार बढाने में बिना खरपतवार के प्लॉट की तुलना में बेहतर पाये गये। उक्त अवधि में 125 खरपतवार प्रजातियों के 24 परिवार और 82 पीढ़ी से संबंधित खरपतवार हर्बेरियम डेटाबेस को निदेशालय की वेबसाइट (https://dwr.icar.gov.in/) पर रखा गया है जिससे शोधकर्ताओं और अन्य हितधारकों को अलग–अलग खरपतवारों से संबंधित ज्ञान को सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी।

इस अवधि के दौरान, कई आनिवार्य एवं महत्वपूर्ण गतिविधियों एवं कार्यक्रमों आयोजन किया गया। गाजरघास जागरुकता सप्ताह–2019 मनाया गया, जिसमें पार्थेनियम खरपतवार और इसके पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा की गई। एससीएसपी योजना के तहत कृषि इनपुट वितरण कार्यक्रम आयोजित किये गये। अन्य कार्यक्रम जैसे स्वच्छता पखवाड़ा, हिंदी पखवाड़ा, राष्ट्रीय एकता दिवस, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह, संविधान दिवस, किसान दिवस आदि आयोजित किये गए। उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का प्रसार करने हेतु एक नोडल एजेंसी के रूप में निदेशालय ने 11–18 दिसंबर, 2019 के दौरान वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों के लिए "तिलहन और दलहन के स्थायी उत्पादन के लिए बेहतर खरपतवार प्रबंधन तकनीक" पर 8 दिवसीय मॉडल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया। निदेशालय कुशलतापूर्वक अनिवार्य गतिविधियों को पूरा कर रहा है एवं प्रक्षेत्र अनुसन्धान और खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों के माध्यम से अनुसंधान और दृश्यता को मजबूत करने के लिए कई नई पहल भी कर रहा है।

I feel immense pleasure in presenting the current issue of Weed News highlighting the research and extension activities carried out by the Directorate during July to December, 2019. During the period, genomic DNA was isolated from the freshly collected leaves of the thirty four *Chenopodium* accessions belonging to different species. Further, genomic diversity analysis of *Chenopodium* accessions was done using eighteen different SSR markers. For organically grown turmeric crop, crop residue mulch fb 3 hand weeding was found to be superior weed management method than chemically grown crop in terms of highest fresh turmeric yield. Among several new generation herbicide combinations, bensulfuron methyl + pretilachlor as pre-emergence and cyhalofop + penoxsulam as post-emergence were efficient in reducing weed growth and improving grain yield of transplanted rice as compared to un-weeded check. Weed herbarium database of 125 weed species belonging to 24 family and 82 genera was created and kept on the Directorate website (https://dwr.icar.gov.in/) aiming to empower the knowledge of researchers and other stakeholders in the identification of different weeds.

Various mandated activities and programmes were organized during the period including Parthenium Awareness Week-2019 for creating awareness about the menace of Parthenium weed and its eco-friendly management. A massive agricultural input distribution programme was organized under SCSP scheme. Other programmes organized were *Swachhta Pakhwada*, *Hindi Pakhwada*, National Unity Day, Vigilance Awareness Week, Communal Harmony Campaign Week, Constitution Day, *Kisan Diwas* etc. Directorate organized an 8 day Model Training Course on "Improved weed management technologies for sustainable oilseeds and pulse production" for scientists and technical officers during 11-18 December, 2019 as a nodal agency to disseminate the advanced weed management technologies to different stakeholders. The Directorate is carrying out the mandated activities efficiently and also undertook several new initiatives to further strengthen its research and visibility through on-farm research and demonstrations of weed management technologies.

अनुसन्धान उपलब्धियाँ / Research achievements

विभिन्न *चिनोपोडियम* एक्सेशन्स में आणविक विविधता का विश्लेषण

डॉ. दीपक वी. पवार

विभिन्न प्रजातियों से संबंधित चौतीस *चिनोपोडियम* एक्सेशन्स के ताजा पत्तों से जीनोमिक डीएनए को संशोधित सी.टी.ए.बी. पद्धति का उपयोग करके निकाला गया। *चिनोपोडियम* एक्सेशन्स के जीनोमिक विविधता विश्लेषण के लिए, अठारह विभिन्न एस.एस.आर. मार्कर्रों का उपयोग किया गया। पी.सी.आर. प्रोडक्ट्स को 1 एक्स टी.ए.इ. बफर में तैयार 2 परसेंट अग्यारोज जेल पर अलग किया गया और एथिडियम ब्रोमाइड के साथ स्टेन किया गया। जेल को 90 मिनट की अवधि के लिए 80 वोल्टस के निरंतर वोल्टेज पर 1 एक्स टी.ए.इ. बफर में चलाया गया । मार्कर एलील्स को उपस्थित (1) या अनुपस्थित (0) के रूप में स्कोर किया गया। इस डेटा को एन.टी.एस.वाईएस. (न्यूमेरिकल टेक्सोनोमी एंड मल्टीवरीयट एनालिसिस सिस्टम, वर्जन 2.2) प्रोग्राम का उपयोग करके समानता आधारित विश्लेषण के लिए उपयोग किया गया। डेन्ड्रोग्राम उत्पन्न करने के लिए यूपीजीएमए (अनवेटेड पेयर ग्रुप मेथड विद एवरेज) समानता गुणांक का उपयोग किया गया। 34 जीनोटाइप्स के 18 प्राइमरों के कुल आणविक डेटा का उपयोग करके बने डेंड्रोग्राम के क्लस्टरिंग पैटर्न में दो मुख्य समूह (समूह–1 और समूह–2) पाए गए। प्रमुख समूह–1 में 30 एक्सेशन्स शामिल थे और इसे तीन उप समूहों (उप समूह–1ए, उप समूह–1बी और उप समूह–1सी) में विभाजित किया गया। प्रमुख समूह–2 में चार एक्सेशन्स शामिल थे और इसे दो उप समूहों (उप समूह–2ए और उप समूह–2बी) में विभाजित किया गया। डेंड्रोग्राम से पता चला कि जीनोटाइप जो आनुवंशिक रूप से समान प्रकार के डेरिवेटिव हैं, एक साथ क्लस्टर हो जाते हैं।



विभिन्न चिनोपोडियम एक्सेशन्स से निकाला गया जीनोमिक डी.एन.ए.
Genomic DNA isolated from different *Chenopodium* accessions

जैविक रूप से उगाई गई हल्दी की फसल में खरपतवार प्रबंधन

डॉ. आर.पी. दुबे

हल्दी की फसल में *फाइलेन्थस सिम्प्लेक्स* (50%) *इकाइनोक्लोवा कोलोना* (29%) *डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा* (2.4%) *पासपेलिडियम फ्लेविडम* (7.9%) *फाइजेलिस मिनिमा* (6.5%), *साइप्रस इरिया, मेकारडोनिया प्रोक्यूमबिन्स* इत्यादि खरपतवारों का प्रकोप था। विभिन्न उपचारों में काली पॉलीथीन मल्च + 1 हाथ निदाई, 3 यांत्रिक निदाई, ग्लाइरिसीडिया लीफ मल्च 10 टन/हेक्टयर, फसल अवशेष मल्च 7.5 टन/हेक्टेयर और उसके बाद 3 निदाई, खरपतवार के शुष्क भार को कम करने में बेहतर पाये गये। चूंकि हल्दी एक लंबी अवधि की फसल है इसलिए खरपतवारनाशी के प्रयोग से खरपतवार का दीर्घकालीन नियंत्रण नही हो सका। सबसे अधिक ताजा हल्दी की पैदावार (17.87 टन/हेक्टेयर) फसल अवशेषो के मल्च के उपयोग एवं 3 निदाई से प्राप्त हुई, जो रासायनिक रूप से ऊगाई गई फसल की तुलना में 28.75% अधिक और बिना निदाई की फसल की तुलना में 148.5% अधिक थी। सबसे अधिक आयःलागत अनुपात काली पॉलीथीन मल्च (2.57), *ग्लाइरिसीडिया* लीफ मल्च (2.52) और फसल अवशेष मल्च (2.48) और उसके बाद हाथ से निदाई के उपचार से प्राप्त किया गया।

Molecular diversity analysis in different *Chenopodium* accessions

Dr. Deepak V. Pawar

Genomic DNA was isolated from the freshly collected leaves of the thirty four *Chenopodium* accessions belonging to different species, using the modified CTAB method. For genomic diversity analysis of *Chenopodium* accessions, eighteen SSR different markers were used. The amplified products were separated on 2% agarose gel prepared in 1X TAE buffer and stained with Ethidium bromide. The gel was run in 1X TAE buffer at constant voltage of 80 V for a period of 90 minutes. Marker alleles were scored as present (+/1) or absent (-/0). The data was used for similarity based analysis using the programme NTSYS (Numerical Taxonomy and Multivariate Analysis System, Version 2.2). Similarity coefficients were used to construct UPGMA (Unweighted Pair Group Method with Average) to generate dendrogram. Clustering pattern of dendrogram generated by using the pooled molecular data of 18 primers of 34 genotypes produced two main clusters namely I and II. The major cluster-I comprised of 30 accessions and was further found to be divided into three sub clusters (IA, IB and IC). The major cluster-II comprised of four accessions and was further found to be divided into two sub clusters (IIA and IIB). The dendrogram revealed that the genotypes that are derivatives of genetically similar type are clustered together.



यूपीजीएमए क्लस्टर एनालिसिस से बनाया गया डेंड्रोग्राम
Dendrogram resulting from UPGMA cluster analysis

Weed management in organically grown turmeric crop

Dr. R.P. Dubey

The weeds infesting the turmeric crop were *Phyllanthus simplex* (50%), *Echinochloa colona* (29%), *Dinebra retroflexa* (2.4%), *Paspalidium flavidum* (7.9%), *Physalis minima* (6.5%), *Cyperus iria*, *Mecardonia procumbens* etc. Application of black polythene mulch + 1 hand weeding, 3 mechanical weedings, *Glyricidia* leaf mulch 10 t/ha, crop residue mulch at 7.5 t/ha followed by 3 hand weedings proved superior in reducing the weed biomass. Since, turmeric is a long duration crop; the chemical treatments did not provide effective weed control throughout the crop growth. The highest fresh turmeric yield was recorded with crop residue mulch *fb* 3 hand weedings (17.87 t/ha) which was 28.75% higher than chemically grown crop and 148.5% higher than unweeded crop. Higher B:C ratios were obtained from treatments having black polythene mulch (2.57), *Glyricidia* leaf mulch (2.52) and crop residue mulch (2.48) *fb* HW component.

रोपाई वाले धान में नई पीढ़ी के शाकनाशियों के संयोजन का मूल्यांकन

डॉ. वी.के. चौधरी

प्रायोगिक मौसम के दौरान, रोपाई वाले संकर धान में पाये गये प्रमुख खरपतवारों में *ईकानोक्लोवा कोलोना, अल्टरनेन्थेरा पैरोनिकोइड्स, डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा* और *साइपरस ईरिया* थे। खरपतवार के घनत्व और शुष्क भार संचय को कम करने के लिए सभी खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। विभिन्न शाकनाशी संयोजनों के बीच, रोपाई के 60 दिनों के बाद बेन्सल्फुरोन मिथाइल + प्रेटिलाक्लोर एंव पिनोक्सुलाम + ब्युटाक्लोर के तैयार मिश्रण को प्री–इमरजेंस के रुप में उपयोग करने पर कम खरपतवार घनत्व देखा गया, जबकि साइहेलोफॉप + पिनोक्सुलाम को पोस्ट इमरजेंस के रुप में उपयोग करने पर खरपतवार का सबसे कम भार संचय दर्ज किया गया। खरपतवार वाले चेक की तुलना में, बेन्सल्फुरोन मिथाइल + प्रेटिलाक्लोर को प्री–इमरजेंस के रुप में तथा साइहेलोफॉप + पिनोक्सुलाम को पोस्ट इमरजेंस के रुप में उपयोग करने पर खरपतवार की वृद्धि को 98% तक कम पाया गया तथा धान की उपज में 45% तक बढोतरी हुई। सबसे अधिक धान की पैदावार दो बार हाथ से निराई के उपचार में दर्ज की गई और यह सांख्यिकीय रूप से बेन्सल्फुरोन मिथाइल + प्रेटिलाक्लोर एंव पिनोक्सुलाम + ब्युटाक्लोर (प्री–इमरजेंस) तथा साइहेलोफॉप + पिनोक्सुलाम (पोस्ट इमरजेंस) के उपयोग करने के समान था।



राष्ट्रीय खरपतवार हर्बेरियम का अंकरूपण

डॉ. सुभाष चन्दर

निदेशालय द्वारा खरपतवार हर्बेरियम डेटाबेस विकसित किया गया और निदेशालय की वेबसाइट पर रखा गया (https://dwr.icar.gov.in/)। यह उपक्रम 125 खरपतवार प्रजातियों के साथ आरंभ किया गया, जो 24 फैमिली और 82 जीनस से संबंधित हैं। विभिन्न अ.भा.स.अनु.परि.–ख.प्र. केंद्रों और जबलपुर के आस–पास के जिलों से एकत्र किए गए खरपतवार के नमूनों का उपयोग करके खरपतवार हर्बेरियम तैयार किया गया। यह हर्बेरियम नए खरपतवारों की पहचान एंव उनकी आकारिकी मापों, नए खरपतवारों के प्रवेश और फैलाव का प्रलेखण, सूक्ष्म अवलोकन और क्षेत्र भ्रमण की योजना के लिए स्थान विशेष डेटा की उपलब्धता के बारे में अनुसंधानकर्ताओं एंव अन्य हितधारकों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में कार्य करेगा। इन महत्वपूर्ण कार्यों के अलावा, यह नए संग्रह, संशोधन और मोनोग्राफ के लिए डेटा, डीएनए विश्लेषण के लिए नमूना और विकास तथा आनुवंशिक विविधता के अध्ययन के भंडार के रूप में भी काम करेगा।

Evaluation of new generation herbicide combinations in transplanted rice

Dr. V.K. Choudhary

The major dominating weed flora in transplanted hybrid rice was *Echinochloa colona, Alternanthera paronychioides, Dinebra retroflexa* and *Cyperus iria*. All weed management practices performed better in minimizing weed density and dry biomass accumulation. Among different herbicide combinations, lower weed density at 60 DAT was observed with the ready mix application of bensulfuron methyl + pretilachlor and penoxsulam + butachlor as pre-emergence, whereas, lowest biomass accumulation of weeds was recorded by cyhalofop + penoxsulam as post-emergence. As compared to un-weeded check, application of bensulfuron methyl + pretilachlor as pre-emergence and cyhalofop + penoxsulam as post-emergence performed better in reducing weed growth (up to 98%) and improving grain yield of rice by 45%. Two hand weeding treatment recorded highest rice grain yield and it was statistically similar with the application of bensulfuron methyl + pretilachlor and penoxsulam + butachlor as pre-emergence, and cyhalofop + penoxsulam as post-emergence in rice.

Treatment

T1 : Bensulfuron-methyl + pretilachlor (60 + 600) g/ha as ready mix (RM) at 3-5 DAT;
T2 : Pretilachlor + pyrazosulfuron-ethyl (600 + 15) g/ha as RM at 3-5 DAT;
T3 : Penoxsulam + butachlor (20 + 800) g/ha as RM at 3-5 DAT;
T4 : Penoxsulam + pyrazosulfuron-ethyl (25 + 20) g/ha as tank mix (TM) at 3-5 DAT;
T5 : Cyhalofop + T5 : Penoxsulam (112.5 + 22.5) g/ha as RM at 20 DAT;
T6 : Triafamone + ethoxysulfuron (45 + 22.5) g/ha as RM at 20 DAT;
T7 : Fenoxaprop-p-ethyl + bentazone (60 + 960) g/ha as TM at 20 DAT;
T8 : Fenoxaprop-p-ethyl + 2, 4-D (60+500) g/ha as TM at 20 DAT;
T9 : Bispyribac-Na 25 g/ha at 20 DAT;
T10 : Metsulfuron-methyl + chlorimuron-ethyl (2+2) g/ha as RM at 20 DAT;
T11 : Hand weeding at 20 and 40 DAT; and
T12 : Unweeded

Digitization of National Weed Herbarium

Dr. Subhash Chander

Weed Herbarium Database has been developed by Directorate and kept on the Directorate website (https://dwr.icar.gov.in/). This venture has been initiated with 125 weed species, which belong to 24 family and 82 genera. The weed samples collected from different AICRP-WM centers and also nearby districts of Jabalpur have been used for preparation of weed herbarium specimens. This herbarium will function as an important tool to empower the researchers and other stakeholders in identification of weeds and morphological measurements, documentation of introduction and dispersal of new weeds, microscopic observations and availability of location specific data for planning of field trips. In addition to these important functions, it will also serve as a repository of new collections, data for revisions and monographs, plant material for DNA analysis and study of evolution and genetic diversity.



आयोजित कार्यक्रम / Programmes organized

अनुसूचित जाति उप–योजना के अंतर्गत कृषि इनपुट वितरण कार्यक्रम

खरीफ 2019 एवं रबी 2019–20 के दौरान चयनित तीन स्थानों पनागर, मझौली एवं कटंगी में अनुसूचित जाति के किसानों को कृषि इनपुट जैसे धान, मक्का, गेहूँ और चना का बीज, उर्वरक, शाकनाशी, कीटनाशक आदि का वितरण किया गया। अन्य इनपुट जैसे स्प्रेयर, शाकनाशी सुरक्षा कीट, अनाज की थैली, भण्डारण टंकी एवं कचरे का डिब्बा भी चयनित गावों में अनसूचित जाति के किसानों को प्रदान किये गए। इनपुट वितरण के अलावा, फसल उत्पादन और खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर तकनीकी ज्ञान भी किसान संगोष्ठियों के माध्यम से किसानों को प्रदान किया गया।

मझौली क्षेत्र के सुहजनी में नवम्बर में संविधान दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे अनुसूचित जाति के किसानों के बीच स्प्रेयर, शाकनाशी सुरक्षा कीट, अनाज की थैली, भण्डारण टंकी एवं कचरे का डिब्बा वितरित किये गए। दिसंबर माह में, निदेशालय में किसान दिवस भी मनाया गया, जिसमे इन चयनित गावों के अनुसूचित जाति के किसानों को आमंत्रित किया गया और उन्हें निदेशालय में विकसित विभिन्न फसलों में नई उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया।

Agricultural input distribution programme under SCSP scheme

During the *Kharif*, 2019 and *Rabi*, 2019-20, input distribution programmes were organized in three localities viz. Panagar, Majhouli and Katangi under SCSP scheme. Agricultural inputs such as seeds of rice, maize, wheat and chickpea, fertilizers, herbicides, insecticides etc. were distributed to the SC farmers. Other inputs such as sprayers, herbicides, safety kits, grain bags, storage bins and dustbins were also provided to the SC farmers. Other than input distribution, technical knowledge on different aspect of crop production and weed management were also provided to the farmers through *Kisan Sangosthi*.

A programme on Constitution Day was organized in the month of November for the farmers of Suhajani of Majhouli locality, wherein, storage bin, dustbin, grain bag, sprayer, herbicide and safety kit were distributed among the SC farmers of village. *Kisan Diwas* was also celebrated in December at Directorate wherein, SC farmers of these selected villages were invited to make them aware about new advanced weed management technologies in different crops grown at Directorate.

गाजरघास जागरूकता सप्ताह (16-22 अगस्त, 2019)

निदेशालय ने 16–22 अगस्त, 2019 के दौरान राष्ट्रव्यापी 'गाजरघास जागरूकता सप्ताह' का आयोजन कई भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों (के.वी.के.), राज्य कृषि विभागों, अखिल भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना–खरपतवार प्रबन्धन के केंद्रों, गैर सरकारी संगठनों नगरपालिका, स्कूलों और कॉलेजों/महाविद्यालयों में किया। इस अवसर पर लगभग 1000 हितधारकों को पोस्टर और विस्तार सामग्री वितरित की गई। इस तरह जागरुकता गतिविधियों ने विभिन्न समाचार चैनलों और सोशल मीडिया आदि पर समाचार प्रकाशित करने और टेलीकास्ट करने के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को आकर्षित किया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों में इस खतरनाक खरपतवार के बारे में जागरूकता पैदा हुई। रिलायंस फाउंडेशन ने तेलंगाना सहित भारत के सभी उत्तर और मध्य राज्यों में 21 अगस्त, 2019 को यूट्यूब पर पार्थेनियम पर लाइव कार्यक्रम का प्रसारण किया। निदेशालय ने परिसर और विभिन्न स्कूलों में गाजरघास उखाड़ने के कार्यक्रम के अलावा गुलेदा, भिदारी कलन और बरगी जैसे विभिन्न गांवों में गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये। 20 अगस्त, 2019 को निदेशालय में एक प्रशिक्षण–सह–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग 100 किसानों, शहर वासियों, बालाघाट, नागपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला और जबलपुर जैसे आसपास के जिलों के गैर सरकारी संगठनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान लगभग एक लाख पार्थेनियम भक्षण बॉयोएजेंट *जायगोग्रामा बायकोलोराटा* को अपने इलाके में छोड़ने की अपील के साथ हितधारकों को वितरित किये गए।

Parthenium Awareness Week (16-22 August, 2019)

Directorate organized a nation-wide programme "Parthenium Awareness Week" from 16-22 August, 2019 by involving many ICAR Institutes, State Agricultural Universities (SAUs), Krishi Vigyan Kendras (KVKs), State Agricultural Departments, AICRP-Weed Management centres, NGOs, municipalities, schools and colleges. On this occasion, posters and extension materials were distributed to about 1000 stakeholders. Such awareness activities attracted print and electronic media to publish news and telecast on different news channels and social media, which resulted in creating awareness among people about this dreaded weed. Reliance Foundation telecasted live programme on Parthenium on YouTube on 21st August 2019 in all north and central states of India including Telangana. Directorate organized Parthenium Awareness programmes in different villages like Guleda, Bhidari Kalan and Bargi besides uprooting programme at campus and in different schools. A training-cum-awareness programme was conducted at the Directorate on 20 August 2019. About 100 farmers, city people, NGOs from adjoining districts like Balaghat, Nagpur, Narshinghpur, Chhindwara, Mandla and Jabalpur participated in the programme. During PAW-2019, about one lakh Parthenium eating bioagent *Zygogramma bicolorata* were distributed to stakeholders with the appeal to release in their localities.

फॉर्मर फर्स्ट कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बरौदा, पनागर में शाकनाशी छिड़काव तकनीक पर प्रशिक्षण (04 सितम्बर, 2019)

फॉर्मर फर्स्ट कार्यक्रम के अंतर्गत 04 सितम्बर, 2019 को गांव बरौदा, पनागर में शाकनाशी छिड़काव तकनीक पर किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लगभग 50 किसानों ने भाग लिया। मौजूदा छिड़काव तकनीकों के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए, छिड़काव के दौरान अपनाई जाने वाली विधि, खेत में ही छिड़काव तकनीक में सुधार की संभावनाएं, छिड़काव के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियाँ, बफर घोल की तैयारी, छिड़काव का कार्य पूर्ण करने के पश्चात सावधानियाँ आदि प्रशिक्षण का उद्देश्य था। उन्हें विभिन्न कारणों से होने वाले बुरे प्रभावों जैसे अगर संचालक ने उचित सुरक्षा सावधानियों का पालन नहीं किया, दोषपूर्ण तकनीकों के कारण खरपतवार प्रबंधन समस्याऐं, अनुचित छिड़काव तकनीकों के कारण शाकनाशी का नुकसान, फसल में गलत शाकनाशी का उपयोग करने के कारण फाइटोटॉक्सिसिटी आदि के बारे में भी बताया गया।

Training on herbicide spraying techniques at village Barouda, Panagar under Farmer FIRST Project (04 September, 2019)

Training on herbicide spraying techniques was given to the farmers of Barouda village, Panagar locality under Farmer FIRST Programme on 04 September, 2019. Around fifty farmers participated in the training. The purpose of the training was to educate the farmers' about existing spraying techniques, the method and application procedure to be followed during spraying, possibilities of improving the spraying techniques at farm itself, safety precautions to be taken during spraying, buffer solution preparation, operations to be followed after completing the spraying operation etc. They were also briefed about the ill effects caused, if the operator did not practice proper safety precautions, weed management problems arised due to faulty techniques, loss of herbicides due to improper spraying techniques, phytotoxicity in the crop because of using wrong herbicides etc.

हिंदी पखवाड़ा (13–28 सितम्बर, 2019)

निदेशालय में दिनांक 13–28 सितम्बर, 2019 के दौरान हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रा.का.स. के अध्यक्ष डॉ पी.के. सिंह, निदेशक द्वारा किया गया। निदेशालय के सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिंदी के संबंध में अपने–अपने विचार रखे। इसी क्रम में निदेशक महोदय ने माननीय मंत्री महोदय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, कृषि एवं किसान कल्याण; ग्रामीण विकास और पंचायतीराज मंत्री द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन किया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने हेतु शपथ दिलाई गई।

हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जिनमें तात्कालिक निंबध, शुद्ध लेखन, आलेखन एवं टिप्पण, पत्र लेखन, क्विंज कान्टेस्ट एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में निदेशालय के सभी वैज्ञानिक / अधिकारी / कर्मचारी सम्मिलित हुए। हिन्दी पखवाड़ा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 28 सितम्बर, 2019 को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. श्रीमति वीणा तिवारी, विशिष्ठ अतिथि डॉ जितेंद्र जामदार एवं श्री नरेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

Hindi Pakhwada (13-28 September, 2019)

Hindi Pakhwada was celebrated during 13-28 September, 2019 at the Directorate. Programme was inaugurated by Dr. P.K. Singh, Director and Chairman (*Rajbhasha Karyanvan Samiti*). During the programme, officers and employees of the Directorate expressed their views on Hindi as Rajbhasha and its importance. Further, the Director read the message sent by Hon'ble Shri Narendra Singh Tomar, Minister for Agriculture and Farmers Welfare; Rural Development and Panchayati Raj. Pledge was taken by all officers and employees to perform more and more work in Hindi.

During *Hindi Pakhwada*, various competitions viz. essay, writing, noting and drafting, letter writing, quiz contest and debate competitions were organized. All the scientists, officers and employees participated in various competitions organized during the Pakhwada. The closing ceremony and prize distribution function of *Hindi Pakhwada* was organized on 28 September, 2019. On this occasion, Smt. Veena Tiwari, Professor presided over the function as Chief Guest, and Dr. Jitendra Jamdar and Shri Narendra Kumar Sharma were Guest of Honour.

स्वच्छता ही सेवा अभियान (11 सितम्बर – 02 अक्टूबर, 2019)

निदेशालय द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा (11 सितम्बर –02 अक्टूबर, 2019) का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। 11 सितम्बर 2019 को डॉ. पी.के. सिंह, निदेशक ने सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिला कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अभियान की थीम "एक कदम प्लास्टिक वेस्ट मुक्त भारत की ओर" थी, जिसके बारे में डॉ. सिंह ने विस्तार से बताया एवं साथ ही साथ राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के 150वीं जयंती पर प्लास्टिक के खिलाफ एक नये जन आन्दोलन की नींव रखने के उद्देश्य को भी बताया, जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का एक मत्वपूर्ण अभियान है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निदेशालय द्वारा जबलपुर के ग्राम मनखेड़ी, गुलेदा एवं रैपुरा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों तथा किसानों को स्वच्छता के फायदों के बारे में बताया गया, विशेष रूप से प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में सूचित करते हुए सिंगल युज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने एवं कपड़े के थैलों का प्रयोग करने हेतु अनुरोध किया गया। विंग्स कॉन्वेंट स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 को स्वच्छता जागरूकता हेतु विशाल रैली का आयोजन भी किया गया, जिसमें निदेशालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी के साथ लगभग 700 विद्यार्थियों, अध्यापकों इत्यादि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिनांक 02 अक्टूबर, 2019 को महात्मा गांधी के 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर निदेशालय में प्लास्टिक वेस्ट के संग्रह हेतु श्रमदान किया गया।

"Swachhta Hi Seva" campaign (11 September- 02 October, 2019)

Directorate organized Swachhta Pakhwada (11 September - 02 October, 2019) under the campaign "Swachhta Hi Seva" successfully. On 11 September, 2019, Dr. P.K. Singh, Director inaugurated this program officially by administering cleanliness pledge to all officers/employees. The theme of this campaign was "One step towards plastic waste free India", which was explained in detail by Dr. Singh. He also mentioned the aim of laying the foundation for a new mass movement against plastic on 150th birth anniversary of Father of the Nation Mahatma Gandhi, which is an important campaign of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi. As per instructions from Dr. Singh, steel bottles were purchased and started using with immediate effect in place of plastic bottles which were earlier used in meetings, seminars and workshops etc. at Directorate. Under the *"Swachhta Hi Seva"* campaign, the Directorate created awareness about the advantages of cleanliness among the farmers and students of primary and secondary schools of Mankheri, Guleda and Raipura villages in Jabalpur. They were informed about the harmful effects of plastic and were urged not to use single use plastic. Instead, they were requested to use cloth bags.

राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर, 2019)

